दैनिक जागरण 01/10/2024

स्वच्छ भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली शपथ

जीएमएन कालेज के विद्यार्थी स्वच्छता की शपथ लेते हुए। ● विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता●अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में कालेज प्राचार्य डाॅ रोहित दत्त के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बखूबी निभाई।

इस अवसर पर कालेज के स्वच्छ भारत अभियान के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने सभी को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुजाता गोयल ने सभी विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर डा. तृप्ति शर्मा, सीटीओ ने कहा कि स्वच्छ मन, स्वच्छ तन एवं स्वच्छ वातावरण में ही हमारा सम्पूर्ण विकास संभव है।

इसी तरह कालेज में आयुष्मान भारत पर व्याख्यान, अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, संस्कृत विभाग एवं लैंग्वेज लैब के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता, कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा ई-कचरा संग्रह केंद्र की स्थापना, मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग एवं सीआरसी यूनिट के तत्वाधान में उद्योग उन्मुख सत्र आयोजित किया।